# INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

| FINAL EXAMINATION 2023-24 | | |
|---|---|---|
| CLASS-VI | SUBJECT- HINDI (2nd LANG.) | MAX. MARKS: 80 |
| Date: - 12/03/24 | SET-1 | TIME- 3 HOURS |

*General Instructions-*

1. *All questions are compulsory.*
2. *The question paper consists of* ***15 questions*** *divided into* ***4 Sections****.*
3. *There is no overall choice. However, internal choices have been provided.*
4. *This question paper consists of* ***06 printed*** *pages.*
5. *Please write down the serial number of the question before attempting it.*

---

## खंड–क (अपठित गद्यांश)

प्रश्न1- दिए गए गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर चुनिए5 **5**

मधुर वचन सबसे बड़ी औषधि (medicine) है। यह मनुष्य को ईश्वर द्वारा प्राप्त सबसे बड़ा वरदान है। मधुर वचनों का प्रभाव ऐसा होता है कि हमसे घृणा करने वाला भी हमारे मृदुवचनों से प्रभावित होकर प्रेम करने लगता है। कबीर का कथन है कि हमें ऐसी वाणी बोलनी चाहिए, जिससे अपना मन प्रसन्न हो जाए, जो दूसरों को भी प्रसन्नता मिले। वाणी के संदर्भ में कोयल और कौवे की उपमा अत्यंत प्रसिद्ध है। दोनों पक्षी काले रंग के होते है, फिर भी कोयल अपने स्वर की मिठास के कारण सभी को प्रिय लगती है तथा कौवा अपने कर्कश स्वर के कारण सभी को अप्रिय लगता है। यही नहीं,मीठे बोलों की महत्ता इतिहास प्रसिद्ध है। वाणी की कटुता का परिणाम महाभारत के रूप में मानव-सभ्यता को दिखाई पड़ा, तो मृदुवाणी के प्रभाव से मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम ने परशुराम जैसे क्रोधी ऋषि को भी विनम्र कर दिया। वाणी की मधुरता मनुष्य को और अधिक गुणवान बना देती है, दोषों को ढक देती है। इसलिए मनुष्य को हमेशा मीठी वाणी का प्रयोग करना चाहिए, क्योंकि यह बिगड़ी बात को भी बनाने वाली, तथा मनुष्य के व्यक्तित्व को निखारने वाली होती है।

क- मनुष्य को ईश्वर द्वारा प्राप्त सबसे बड़ा वरदान क्या है?

कटु वचन | काला रंग | मूर्ख होना | मधुर वचन

ख- कबीर जी के अनुसार कैसी वाणी बोलनी चाहिए?

मन प्रसन्न करने वाली | मन को दुखी करने वाली

घृणा पैदा करने वाली | लड़ाई-झगड़ा पैदा करने वाली

ग- वाणी के संदर्भ में किसकी उपमा प्रसिद्ध है?

कोयल और आदमी की | कोयल और कौवे की

कौवा और औरत की | श्रीराम और परशुराम की

घ- स्वर की मिठास के कारण किसे प्रिय माना जाता है?

कौवा को | कोयल को | दोनों को | दोनों को ही नहीं

ड़- मनुष्य को हमेशा कैसी वाणी बोलनी चाहिए|

खट्टी वाणी | कड़वी वाणी | मीठी वाणी | कर्कश वाणी

प्रश्न-2- दिए गए गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर चुनिए| 5

पेड़ हम सभी के लिए बहुत जरूरी हैं। पेड़ों के कारण ही हमारी यह धरती हरीभरी है।- पेड़ों के कारण ही हमारी पृथ्वी पर पशु मकोड़े जीवित-पक्षी और कीड़े-रहते हैं। हम सभी जिस ऑक्सीजन के कारण जीवित हैं, वह हमें पेड़ों से ही मिलती है। मनुष्य बहुत समय पहले से ही पेड़ों से मिलने वाली लकड़ियों से आग जलाता था और उससे अपना भोजन बनाता था। पेड़ों की लकड़ियों से ही लोग अपने घर और फर्नीचर बनाते हैं। पेड़ों से हमें फल-फूल तथा अनेक मसाले मिलते हैं। कुछ पेड़ों के फल, पत्तियों और जड़ों से बहुत सी दवाइयाँ बनती हैं। इस तरह पेड़ हमारे मित्र हैं, जो हमारे काम में आते हैं। जहाँ पेड़ होते हैं वहाँ बादल आते हैं बारिश होती है, पक्षी और जानवरों को भी रहने की जगह मिलती है। लेकिन बहुत दुख की बात है कि इनसानों ने इतने ज्यादा पेड़ काट दिए हैं कि आज इनकी वजह से हमारी धरती पर ऑक्सीजन की कमी हो गई है। हम सभी को अधिक से अधिक पेड़ लगाने चाहिए ताकि हमारा और पशुपक्षियों का जीवन सुरक्षित रहे।-

क- पृथ्वी पर पशु-पक्षी और कीड़े-मकोड़े किसके कारण जीवित रहते हैं?

पेड़ों के कारण | गरमी के कारण

दबाई के कारण | पानी के कारण

ख- पेड़ों से हमें और क्या मिलता है?

नमक | कार्बन

खाद | ऑक्सीजन

ग- पेड़ों के फल, पत्तियों और जड़ों से क्या बनाया जाता है?

दवाइयाँ | सेवइयाँ

कड़ाहियाँ | सुराहियाँ

घ- किसने धरती पर ज्यादा पेड़ों को काट दिया है?

जानवरों ने | बच्चों ने

पशुओं ने | इनसानों ने

ड़- इस गद्यांश का उचित शीर्षक चुनिए|

पेड़ों का महत्व | पक्षी और जानवर

फल-फूल | पेड़ों को काटो

## खंड–ख (व्याकरण)

प्रश्न-3- (i) किन्हीं दो शब्दों के विलोम शब्द लिखिए| 2

आशा , राग , देव

(ii) किन्हीं दो शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए| 2

जननी , सूर्य , नरेश , हाथी

प्रश्न-4- (i) किन्हीं दो उपसर्गों से दो-दो शब्द बनाकर लिखिए| 2

ना , वि , हम , भर

(ii) किन्हीं दो प्रत्ययों से दो-दो शब्द बनाकर लिखिए| 2

पन , आपा , नाक , मान

प्रश्न-5- (i) किन्हीं दो वाक्यांशों के लिए एक शब्द लिखिए| 2

1- सत्य बोलने वाला 2- जिसके पास धन हो

3- जल में रहने वाला 4- नभ में रहने वाला

(ii) दिए गए शब्दों से भाववाचक संज्ञा शब्द बनाइए| 2

चोर , जवान , ईमानदार , प्रभु

प्रश्न-6- (i) दिए गए वाक्यों में से विशेषण शब्दों को रेखांकित कीजिए| 2

1- मौसी नया खिलौना लाई।

2- सीमा ने पाँच खिलौने खरीदे हैं।

3- सब्जी में नमक कम है।

4- मेरे पास कुछ फ़ल हैं।

(ii) दिए गए मुहावरों में से किन्हीं दो के वाक्य बनाकर लिखिए| 2

1- उन्नीस-बीस का अंतर 2- अंग- अंग ढीला होना

3- दुम दबाकर भागना 4- फूला न समाना

प्रश्न-7- (i) दिए गए शब्दों में उचित स्थान पर अनुस्वार चिह्न लगाइए| 2

लबा , अक , जगली , तगी

(ii) दिए गए शब्दों में उचित स्थान पर अनुनासिक चिह्न लगाइए| 2

आंख , चांदनी , आंवला , जांच

## खंड-ग (पाठ्य पुस्तक)

प्रश्न-8- दिए गए पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर चुनिए| 5

साथी हाथ बढ़ाना,
एक अकेला थक जाएगा, मिलकर बोझ उठाना
साथी हाथ बढ़ाना।
हम मेहनत वालों ने जब भी मिल कर क़दम बढ़ाया
सागर ने रस्ता छोड़ा, परबत ने सीस झुकाया
फ़ौलादी हैं सीने अपने, फ़ौलादी हैं बाँहें
हम चाहें तो पैदा कर दें चट्टानों में राहें.......

क- 'साथी हाथ बढ़ाना' गीत के गीतकार कौन हैं?

विष्णु प्रभाकर	दिलीप एम. साल्वी
साहिर लुधियानवी	सुमित्रानंदन पंत

ख- 'साथी हाथ बढ़ाना' का क्या मतलब हैं?

मिलजुल कर काम करना	मशीनों के द्वारा काम करना
आधुनिक तकनीक से काम करना	अकेले काम करना

ग- अकेले व्यक्ति को बड़ा काम करने में क्या होता है?

आसानी	ख़ुशी	निराशा	कठिनाई

घ- अपने सीने और बाँहें कैसी हैं?

कमज़ोर	फ़ौलादी	नरम	कठोर

ड़- गीतकार कहाँ राहें पैदा करने की बात कह रहा है?

समुद्र में	हवा में	वन में	चट्टानों में

प्रश्न-9- दिए गए गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर चुनिए| 5

माँ : (पुचकारकर) न-न, ऐसे मत कर! अभी ठीक हुआ जाता है। अभी डॉक्टर को बुलाया है। ले, तब तक सेंक ले। (चादर हटाकर पेट पर बोतल रखती। फिर मोहन के पिता की ओर मुड़ती है।) इसने कहीं कुछ अंट-शंट तो नहीं खा लिया?

पिता : कहाँ? कुछ भी नहीं। सिर्फ़ एक केला और एक संतरा खाया था। अरे, यह तो दफ़्तर से चलने तक कूदता फिर रहा था। बस अड्डे पर आकर यकायक बोला-पिता जी, मेरे पेट में तो कुछ 'ऐसे-ऐसे 'हो रहा है।

माँ : कैसे?

पिता : बस 'ऐसे-ऐसे' करता रहा। मैंने कहा– अरे, गड़गड़ होती है? तो बोला– नहीं। फिर पूछा-चाकू-सा चुभता है? तो जवाब दिया–नहीं। गोला-सा फूटता है? तो बोला-नहीं। जो पूछा उसका जवाब- नहीं। बस एक ही रट लगाता रहा, कुछ 'ऐसे-ऐसे' होता है।

माँ : (हँसकर) हँसी की हँसी, दुख का दुख, यह 'ऐसे-ऐसे' क्या होता है? कोई नयी बीमारी तो नहीं? बेचारे का मुँह कैसे उतर गया है! हवाइयाँ उड़ रही हैं।

पिता : अजी, एकदम सफ़ेद पड़ गया था। खड़ा नहीं रहा गया। बस में भी नाचता रहा- मेरे पेट में "ऐसे-ऐसे' होता है। 'ऐसे-ऐसे' होता है।

क- मोहन ने क्या खाया था?

केला और संतरा  चिप्स और समोसा  आम और अनार  दूध और दही

ख- पिता जी और मोहन कहाँ से आ रहे थे?

पार्क से  मेले से  दफ्तर से  कॉलेज से

ग- गद्यांश में किसकी हवाइयाँ उड़ रही हैं?

मोहन की माता की  वैद्य की  डॉक्टर की  मोहन की

घ- मोहन के पेट में क्या चुभ रहा था?

चाकू-सा  शीशे-सा  कील-सा  पत्थर-सा

ङ- कौन सफेद पड़ गया था?

माता  पिता  मोहन  पड़ोसी

प्रश्न-10- किन्हीं छह प्रश्नों के उत्तर एक-एक वाक्य में लिखिए| 6

प्रश्न-1 चाँद की पोशाक पर क्या जड़ा है?

प्रश्न-2 लड़की किससे बातें कर रही है?

प्रश्न-3 छोटी बच्ची किसके साथ दिन-रात रहना चाहती है?

प्रश्न-4 'झाँसी की रानी' कविता किसने लिखी है?

प्रश्न-5 नाना साहब कहाँ के रहने वाले थे?

प्रश्न-6 चीड़ के वृक्ष की छाल कैसी होती है?

प्रश्न-7 माँ बालिका को किसकी कहानी सुनाती है?

प्रश्न-11- किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर दो-तीन वाक्यों में लिखिए| 10

1. चाँद का चेहरा कैसा है और वह कैसा नज़र आता है?
2. बच्चों के लिए जीवन का सबसे सुहाना समय कौन-सा होता है?
3. 'साथी हाथ बढ़ाना' कविता हमें क्या प्रेरणा देती है?
4. अंग्रेजों ने भारत के किन-किन क्षेत्रों पर अधिकार कर लिया था?

5. झाँसी की रानी के जीवन से हमें क्या प्रेरणा मिलती है?
6. लेखिका को झरने का पानी कब आनंदित करता है?
7. हेलेन केलर अपने मित्रों की परीक्षा क्यों लेती थी?

प्रश्न-12- किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर तीन-चार वाक्यों में लिखिए| 9

1. चाँद की पोशाक के बारे में कविता में क्या कहा गया है?
2. आपकी माँ आप लोगों के लिए क्या-क्या काम करती है?
3. 'सागर ने रस्ता छोड़ा, परबत ने सीस झुकाया'- कवि ने ऐसा क्यों कहा है?
4. 'जिन लोगों के पास आँखें हैं, वे सचमुच बहुत कम देखते हैं'– हेलेन केलर को ऐसा क्यों लगता था?
5. मोहन की हालत देख माँ क्यों अधिक परेशान थी?

## खंड-घ (लेखन कार्य)


प्रश्न-13- किसी एक विषय पर 70-80 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए| 5

1. मेरा मित्र ,
2. सरदी का मौसम ,
3. मेरा प्रिय फल ,
4. पानी का महत्त्व

प्रश्न-14- दिए गए किसी एक विषय पर एक सुंदर विज्ञापन तैयार कीजिए| 5

**'हर्बल केश तेल'** , **'घड़ी'**

प्रश्न-15- दिए गए चित्र का वर्णन 50-60 शब्दों में कीजिए| 5



* * *